पीठासीन अधिकारी
भागीरथराम (आरटीएस)

मि.न.42/17 दिनांक 30.10.17

सरकार बनाम रामोतार

निर्णय

पत्रावली पेश हुई । गैर सायल अनुपस्थित ।

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि पटवारी हल्का खेडा निहाल पुरा ने एक रिर्पोट इस आशय कि पेश कि है कि सम्वत 2074 में वाके ग्राम खेडा निहाल पुरा तहसील कोटपूतली के ख0 न0 354 रकबा 2.88 है0 किस्म जमीन गै0 मु0 पहाड में से 0.01 है0 पर रामोतार पुत्र भगताराम जाति गुजर्र निवासी पूरण नगर तहसील कोटपूतली जिला जयपुर ने पुख्ता मकान व झोंपडी डाल कर नाजायज रूप से अतिक्रमण कर लिया है ।

रिर्पोट पटवारी दर्ज रजिस्टर कर । गैर सायलान को विधिवत LR\ACT 1956 की धारा 91 के तहत नोटिस दिये गये । बाद तामिल नोटिस संलग्न किये गये । सुचनाप्रान्त गैर सायल उपस्थित नहीं आये । अतः गैर सायल के विरूद्व एक पक्षिये कार्यवाही अमल में लाई जाती है।

पत्रावली में संलग्न दस्तावेज एवं पटवारी हल्का रिपोर्ट पर गौर किया तो विवेचन में पाया कि रामोतार पुत्र भगताराम जाति गुजर्र निवासी पूरणनगर द्वारा वाके ग्राम खेडा निहाल पुर तहसील कोटपूतली के ख0 न0 354/2.88है0 किस्म जमीन गै0 मु0 पहाड मे से0.01 है0 पर पुख्ता कमरा व झोंपडी बना कर अतिक्रमण अवैध अतिक्रमण स्वतः ही सिद्व होता है अतः अतिक्रमि के विरूद्व कार्यवाही किया जाना उचित प्रतित होता है । अगर अतिक्रमि के विरूद्व कार्यवाही नहीं की गई तो अतिक्रमण को बढावा मिलेगा व क्षेत्र असंतोष की स्थिति उत्तन्न होगी ।

अतः रामोतार पुत्र भगताराम जाति गुजर्र निवासी पूरण नगर तहसील कोटपूतली को वाके ग्राम खेडा निहालपुरा तहसील कोटपूतली के ख0 न0 3542.88 है0 किस्म जमीन गै0 मु0 पहाड मेंसे 0.01है0 पर अतिकमी धोषित करते हुये उक्त आराजियात पर निर्मित कमरा व झोंपडी को ध्वस्त किया जाकर भौतिक रूप से बेदखल किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। तथा नाजायज रूप से अतिक्रमण करने के आरोप में लगान राशी 0.04का पचास गुणा 2 रू अर्थ दण्ड के रूप में जुर्माना किया जाता है।

निर्णयानुसार बेदखली,पैनल्टी वसुली हेतु भू0 अ0 नि0 व पंटवारी हल्का को तहरीर जारी हो व माग कायमी हेतु तहसील राजस्व लेखा कार को लिखा जावे । निर्णयानुसार कार्यवाही पूर्ण हो कर पत्रावली बाद तकमिल दखील दफतर होकर नम्बर से कम हो ।

निर्णय आज दिनाक 30.10.17 को सरे इजलास सुनाया गया ।

वर्ष 2017-018 के रा० ले० के पृष्ठ संख्या 42 पर 2 रू. रुपये कायम किये गये ।
राजस्व लेखाकार
कोटपूतली

नायब तहसीलदार
कोटपूतली (जयपुर)